खरगोश – खरहा – Rabbit - खरगोश लेपोरिडी परिवार का एक छोटा स्तनपायी है, जो विश्व के अनेक स्थानों में पाया जाता है। विश्व में खरगोश की आठ प्रजातियाँ पायी जाती हैं। खरगोश जंगलों, घास के मैदानों, मरुस्थलों तथा पानी वाले इलाकों में समूह में रहते हैं। अंगोरा ऊन खरगोश से प्राप्त होता है।



पेड़ – वृक्ष – Tree - पेड़ों को हरा सोना भी कहा जाता है क्योंकि यह बहुत मूल्यवान सम्पदा है। धरती पर जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन और पानी प्रदान करने वाला मुख्य साधन पेड़ ही है। हमारे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं में पेड़ों का बहुत महत्व है। जितने अधिक पेड़ होंगे पर्यावरण भी उतना ही शुद्ध रहेगा।

आसमान – गगन – Sky - किसी भी खगोलीय पिण्ड के बाह्य अन्तरिक्ष का वह भाग जो उस पिण्ड के सतह से दिखाई देता है, वही आकाश है। अनेक कारणों से इसे परिभाषित करना कठिन है। दिन के प्रकाश में पृथ्वी का आकाश गहरे–नीले रंग के सतह जैसा प्रतीत होता है जो हवा के कणों द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन के परिणामस्वरूप घटित होता है।

लोमड़ी –लोमड़ी – **Fox** - लोमड़ी एक चालाक और बुद्धिमान जीव की श्रेणी का जानवर माना जाता है और यह दिखने में कुत्ते की तरह नजर आती है । लोमड़ी सर्वाहारी जीवो की श्रेणी में आने वाला जानवर है और यह जंगलों में रहता है, इस प्रजाति के अन्य प्राणियों में भेड़िया और सियार भी आते है।

भालू – रिछ – **Bear** - भालू झुंड की बजाय अकेला रहना पसंद करते हैं। भालुओं के सूंघने की शक्ति बहुत तेज होती है यह कई किलोमीटर तक अपने शिकार को सूंघ सकते हैं। भालू बड़ी आसानी से पेड़ों पर चढ़ सकते हैं इसके इलावा इनकी पानी में तैरने की अच्छी क्षमता होती है। भालू का पसंदीदा भोजन मछली होता है ।

nbox
easy

हाथी – गज – **Elephant**- हाथी जंगल में रहने वाला बहुत ही बड़ा और विशाल पशु है। यह बड़ा और विशाल शरीर वाला जीव है, राजा–महराजाओं की सवारी होने के कारण इसे शाही पशु भी कहा जाता है। यह ऊँचाई में 10 फिट से ज्यादा भी हो सकता है। इसकी चमड़ी काफी मोटी और कठोर होती है और इसका रंग गहरे स्लेटी (ग्रे) रंग का होता है।

ठहरो –रुको - Stop - स्टॉप साइन का मतलब होता है कि आपको यहाँ रुकना ही है। यह sign बोर्ड पर अथवा सड़क पर भी लिखा हो सकता है।

शेर – सिंह – Lion सिंह (पेन्थेरा लियो) पेन्थेरा वंश की चार बड़ी बिल्लियों में से एक है और फेलिडे परिवार का सदस्य है। यह बाघ के बाद दूसरी सबसे बड़ी सजीव बिल्ली है, जिसके कुछ नरों का वजन २५० किलोग्राम से अधिक होता है। सिंह जंगल में 10 से 14 वर्ष तक जीवित रहते हैं, जबकि वे कैद मे 20 वर्ष से भी अधिक जीवित रह सकते हैं।

nbox learn easy

दहाड – दहाड़ – Roar - दहाड़ का मतलब होता है गरजना । जब शेर गुस्से में होता है तो वह दहाड़ता है तथा उसके मुँह से तेज आवाज आती है इसे दहाड़ता कहते हैं।

फल – वृक्ष का फल – The Fruit- पाचन क्रिया के लिए होते हैं फल लाभदायक । फलों में न केवल महत्वपूर्ण विटामिन और खनिज पाए जाते हैं, बल्कि इनके सेवन से हमारा पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है। फलों के छिलकों में फाइबर की अधिक मात्रा होती है जो कि हमारे शरीर की उत्सर्जन प्रक्रिया में बहुत उपयोगी होती है।

हंसना - laugh- अच्छी हंसी और लंबी नींद किसी भी मर्ज के लिए दो उत्तम इलाज हैं। ।
Man is not poor if he can still laugh- निर्धनता में भी हंस सकने वाला व्यक्ति निर्धन नहीं होता है।

Brainbox
learn easy